# PLEDGE TO SAVE ENVIRONMENT ON 5th JUNE 2024

# बेहतर कल के लिए पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

## शिमला में छात्रों ने रोपे पौधे, निकाली जागरूकता रैलियां, चलाया सफाई अभियान

हिमाचल दस्तक | रामपुर बुशहर

**रामपुर** कॉलेज में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर इको क्लब एवं एनएसएस इकाई के सहयोग द्वारा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए छात्रों को शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने छात्रों को पर्यावरण के प्रति संवेदनशील एवं कृतज्ञ होने का संदेश दिया। शपथ में सभी छात्रों ने एकजुट होकर पर्यावरण को प्लास्टिक मुक्त बनाने का प्रण लिया। डॉ. बसोतिया ने कहा कि आज जिस तरह से हमारे पर्यावरण में फेरबदल हुआ है वह ग्लोबल वार्मिंग की वजह से हो रहा है।

पेड़ों का अंधाधुंध कटाव, भूमि कटाव, जगह-जगह पर जंगलों में लगी भंयकर आग पर्यावरण को बूरी तरह से दूषित कर रही है, जिसे लेकर सभी को समय रहते संभलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए सभी को आगे आना होगा। इसमें पौधरोपण व आसपास प्लास्टिक मुक्त करना बहुत ही जरूरी हो गया है। उन्होंने उपस्थित छात्रों व शिक्षकों से ये अपील की कि वे पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीरता से कार्य करें। अगर आज हम अपनी इस मुहिम से सभी को जागरूक करने में सफल हो गए है तो आने वाला समय बेहतर होगा। इस इस अवसर पर ईको क्लब की संयोजिका डॉ. अनीता सहित अन्य सदस्य डॉ. सविता नेगी, डॉ. सुरेखा नेगी, डॉ. विपिन शर्मा एवं डॉ. महेश्वर ठाकुर, प्रो. अनुराधा व प्रो. किरण मौजूद रहे।.




*रामपुर कॉलेज में पर्यावरण दिवस पर प्लास्टिक मुक्त बनाने की शपथ लेते छात्र व शिक्षक।*

### बुशहर बीएड कॉलेज के छात्रों ने औषधीय पौधे रोपे

**रामपुर बुशहर।** बुशहर बीएड संस्थान नोगली (कलना) में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया। चारों सदन के लगभग 170 छात्र एवं छात्राओं ने 32 प्रकार के पौधों को परिसर के सौंदर्यकरण के लिए पौधरोपण किया गया, जिसमें औषधीय गुण तथा विभिन्न प्रकार के फूलों को रोपा गया। इनमें मुख्यत ड्रेकेना, टेड्फा, सीएटा (स्नेक प्लांट ) तुलसी, पुदीना, एलोवीरा, पाट पत्थर, मेरीगोल्ड, लिली, आदि फूलों को चारों सदन के प्रशिक्षु छात्रों ने सुंदर प्रदर्शनी के माध्यम से पर्यावरण दिवस 2024 की थीम भूमि पुर्नस्थापना मरुस्थलीकरण और सुखा लचीलापन को मध्य नजर रखते हुए पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में हमारे योगदान के महत्त्व को बताया। संस्थान के अध्यक्ष पवन आनंद, कोषाध्यक्ष हितेंद्र गुप्ता, सचिव ई. राजीव शर्मा ने छात्रों द्वारा की गई हाउस वाइज एक्टिविटी को खूब सराहा और भविष्य मे पर्यावरण के संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस मौके पर प्राचार्य डॉ. तिलक राज भारद्वाज, सहायक प्राचार्य राकेश ठाकुर सहित सभी सहायक आचार्य वर्ग व कर्मचारी वर्ग भी मौजूद थे।


### पांगणा स्कूल में स्लोगन-पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई

**करसोग।** पीएम आदर्श पाठशाला पांगणा में पर्यावरण के प्रति बच्चों में जागरूकता फैलाने हेतु स्लोगन और पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने पर्यावरण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार प्रकट किए। प्रधानाचार्य संजय कुमार, राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रोग्रामिंग ऑफिसर नीरज शर्मा और ललित ठाकुर, स्काउट एंड गाइड प्रभारी रमेश चौहान, यूथ एंड इको क्लब प्रभारी पदमनाभ ने छात्रों को पर्यावरण दिवस के इतिहास और महत्त्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, विद्यालय सौंदर्यकरण के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रधानाचार्य संजय कुमार ने बच्चों को संदेश देते हुए कहा कि दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव लाकर पृथ्वी को हरा-भरा और स्वच्छ बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को पौधरोपण करने, कागज को बर्बाद न करने और प्लास्टिक का कम उपयोग करने जैसे विषयों पर पर्यावरण के प्रति जागरूक किया।

### जाखू के जंगलों से कूड़ा एकत्रित किया

**शिमला।** विश्व पर्यावरण दिवस के मौके पर शिमला में पर्यावरण विज्ञान प्रौद्योगिकी और जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा की ओर से स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्रों ने रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। रैली में स्कूली छात्रों द्वारा लोगों को पर्यावरण संरक्षण व पेड़-पौधे लगाने के प्रति जागरूक किया गया। इस मौके पर स्कूली बच्चों को पर्यावरण स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई गई। विश्व पर्यावरण दिवस पर शिमला के जाखू मंदिर में सफाई अभियान का आयोजन भी किया गया। इसमें स्कूलों के बच्चों ने जंगलों से कूड़ा एकत्रित कर लोगों को जागरूकता संदेश भी दिया। सफाई अभियान के दौरान जाखू के हरे भरे जंगलों से करीब एक टन प्लास्टिक और कूड़ा एकत्रित किया गया। इस सफाई अभियान में स्कूली बच्चों, शिक्षकों सहित 300 लोगों ने भाग लिया। शिमला के विभिन्न स्कूलों ने इस अवसर जागरुकता रैली निकाली।

# CLEANLINESS AND PLANTATION DRIVE ON 11-10-2023



**EXHIBITION ON THE THEME ‘BEST OUT OF WASTE’ AND RANGOLI MAKING COMPETITION ON 06-10-2023**

# रामपुर कालेज में पर्यावरण जागरूकता अभियान का किया आयोजन



कार्यक्रम के दौरान छात्र व शिक्षक।

**सवेरा न्यूज/ मीनाक्षी रामपुर बुशहर:** राजकीय महाविद्यालय रामपुर बुशैहर मे इको क्लब द्वारा एक दिवसीय पर्यावरण जागरूकता अभियान का आयोजन किय गया। इस जागरुकता अभियान में बेस्ट आऊट आफवेस्ट आधारित थीम प प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के चौद प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा रंगोली प्रतिस्पर्धा में तेरह दलों ने भाग लिया। इन्होंने बीट प्लास्टिक पाल्यूशन थीम पर एक से एक बेहतर रंगोली बनाक वाहवाही लूटी। वहीं पर्यावरण जागरूकता शीर्षक पर आधारित नुक्कड़-नाटक महाविद्यालय के जनजातीय छात्रावास की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज बासोतिया ने किया आयोजक मंडल सदस्यों में डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. सविता नेगी, डॉ. सुरेखा नेगी डॉ. योजना नेगी, डॉ. सतपाल खूंद व डॉ. अजेंद्र नेगी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी मे प्रथम पुरस्कार ट्राईबल गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को द्वितीय पुरस्कार अनीश और उनके ग्रुप की छात्राओं को मिला। रंगोली में प्रथम पुरस्कार ट्राईबल गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को द्वितीय पुरस्कार बद्री गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को मिला

# रंगोली स्पर्धा में ट्राइबल हॉस्टल की छात्राएं प्रथम

हिमाचल दस्तक ■ रामपुर बुशहर

■ ईको क्लब ने पर्यावरण जागरूकता पर आयोजित किया कार्यक्रम

**राजकीय** महाविद्यालय रामपुर में ईको क्लब ने एकदिवसीय पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस जागरूकता कार्यक्रम में बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट आधारित थीम पर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इसमें महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के 14 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसके अलावा रंगोली प्रतिस्पर्धा में 13 दलों ने भाग लिया। उन्होंने बीट प्लास्टिक पॉल्यूशन थीम पर एक से एक बेहतर रंगोली बनाकर वाहवाही लूटी।

महाविद्यालय के जनजातीय छात्रावास की छात्राओं ने पर्यावरण जागरूकता शीर्षक पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस आयोजन का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य महोदय डॉ. पंकज बासोतिया ने किया। आयोजन मंडल सदस्यों में डॉ. अनिता कुमारी, डॉ. सविता नेगी, डॉ. सुरेखा नेगी, डॉ. योजना नेगी, डॉ. सतपाल खूंद व डॉ. अजेंद्र नेगी उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में प्रथम पुरस्कार ट्राइबल गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को व द्वितीय पुरस्कार अनीश और उनके ग्रुप की छात्राओं को मिला। रंगोली में प्रथम पुरस्कार ट्राइबल गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को और द्वितीय पुरस्कार बद्री गर्ल्स हॉस्टल की छात्राओं को मिला।


REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA


OCT 06
B.COM
3rd YEAR
REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA


STOP
PLASTIC
POLLUTION
GO GREEN
REDMI NOTE 9
AI QUAD CAMERA


Say No
To Plastic


EXIT


SAVE EARTH
Calvin Klein
AVOID PLASTIC


ECO CLUB
ECO CLUB
G.B. PANT MEMORIAL GOVT. COLLEGE
RAMPUR BUSHAHR DISTT. SHIMLA . (H.P)


ECO CLUB